दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र



# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001




वर्ष :- 03 अंक :- 16 मुरादाबाद, 06 May 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## पीएम ने किया द केरल स्टोरी का जिक्र, बोले- फिल्म ने किया आतंकी साजिशों का खुलासा



कर्नाटक- विधानसभा चुनाव के लिए पीएम मोदी का धुआंधार प्रचार जारी है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को कर्नाटक के बेल्लारी में एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने यहां भी कांग्रेस को बजरंग दल के मुद्दे पर आड़े हाथ लिया। इसके अलावा पीएम ने फिल्म 'The Kerala Story' का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने शुक्रवार को कर्नाटक के बेल्लारी में एक रैली की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र तुष्टिकरण के लिए है यह सिर्फ प्रतिबंधों के बारे में है।

### रैली में फिल्म द केरल स्टोरी का जिक्र

पीएम ने कहा कि फिल्म द केरल स्टोरी इन दिनों चर्चा में है। ऐसा कहा जाता है कि फिल्म उस राज्य में आतंकी साजिशों का खुलासा करती है। मेहनती, प्रतिभाशाली और बौद्धिक लोगों की खूबसूरत भूमि के लिए जाने जाने वाले राज्य केरल में कैसे आतंकवादी साजिशों को बढ़ावा दिया जा रहा है, इस फिल्म से पता चलता है।

### झूठे सर्वे कर रही कांग्रेस

मोदी ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस पैसों के दम पर झूठे नैरेटिव गढ़ती है। बीते कई चुनावों से ऐसे ही झूठे नैरेटिव बनाकर, झूठे सर्वे करवा कर अपनी वाहवाही करती है। यहां कर्नाटक में भी कांग्रेस यही कर रही थी। वे मतदाताओं को भटका रहे हैं। कांग्रेस का घोषणापत्र तुष्टिकरण के लिए है, यह सिर्फ प्रतिबंधों के बारे में है। कर्नाटक के लोग उनकी तुष्टिकरण की राजनीति देख रहे हैं। मैं बजरंग बली का नारा लगाता हूं, वे मुझे नापसंद करते हैं।

### कांग्रेस ने देश की राजनीति भ्रष्ट की

मोदी ने कहा कि आजादी के बाद से ही कांग्रेस ने देश की व्यवस्थाओं के साथ ही देश की राजनीति को भी भ्रष्ट करने का काम किया है। बीते कुछ वर्षों में कांग्रेस ने भारत की राजनीति में एक और बीमारी पैदा कर दी है। चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस पैसों के दम पर अपने इको सिस्टम के जरिए झूठे नैरेटिव गढ़ती है। कांग्रेस की कोशिश होती है कि ऐसा करके वे जनता को भ्रमित कर दें।

## श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी, हरि की पौड़ी, लहरा और कछला घाट पर उमड़ी भीड़



वैशाख पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने हरि की पौड़ी, लहरा घाट, कछला घाट व कादरगंज घाट पर गंगा में डुबकी लगाई। गंगा स्नान कर गंगा मैया की आरती की गई।कासगंज में वैशाख पूर्णिमा के पर हरि की पौड़ी, लहरा गंगा घाट, कछला गंगा घाट, कादरगंज घाट सहित अन्य घाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान किया। गंगा मैया की आरती उतारी और साधु और जरूरतमंदों को दान कर पुण्य अर्जित किया। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालु गंगा घाट पहुंचने लगे। राजस्थान, एमपी, महाराष्ट्र, दिल्ली एवं प्रदेश के कोने कोने से तीर्थनगरी पहुंचे। श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों की आत्म शांति के लिए तीर्थपुरोहितों से पूजन अनुष्ठान कराया। बदले में उन्हें दान दक्षिणा देकर आशीष ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने गंगा किनारे अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराकर प्रसाद बांटा, श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद मां गंगा की पूजा अर्चना कर दुग्धाभिषेक किया। मां गंगा का चुनरी मनोरथ कर आरती उतारी। गंगा स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं ने हरि की पौड़ी की व सूकरक्षेत्र की पंचकोसी परिक्रमा कर हरिनाम का संकीर्तन किया।

### देव मंदिरों पर पूजा कर मांगी मनौतियां

वराह मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओ ने भगवान वराह की आरती उतारकर प्रसाद चढ़ाया। अपने परिवार की खुशहाली की मनौतियां मांगी। अन्य मंदिरों रघुनाथजी, बालाजी दरबार, मानस मंदिर, सोमेश्वर, सिद्ध हनुमान, सिद्ध विनायक, श्याम वराह मंदिर, द्वारिकाधीश, गंगा माता, पंचमहाशक्ति आदि मंदिरों में भी पहुंचकर श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ प्राप्त किया।

### किया दान, अन्न क्षेत्र चलाकर कराया भोज

परिक्रमा मार्ग में बैठे गरीब निर्धनों को अनाज, कपड़ा, पैसा आदि दान किया, वैशाख मास में गंगा स्नान के बाद दान के विशेष महत्व माना जाता है। इसीके चलते श्रद्धालुओं ने सत्तू, ककड़ी, पंखा व घड़े में भरकर मीठा शर्बत मन्दिरों में दान किया। श्रद्धालु तीर्थनगरी में अपने गुरुओं के आश्रम महेश दयानंद, स्वामी अमृतानंद,ब्रह्मानंद आश्रम, वंशी वाले बाबा, टाटिया बाबा आश्रम, भूदत्त आश्रम आदि में पहुंचे, जहां संत महात्माओं को अन्न क्षेत्र चलाकर भोजन कराया और दक्षिणा दी।

## सीएम योगी बोले- यूपी में माफिया राज खत्म, अब गले में तख्ती लटकाए घूम रहे अपराधी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ के जिमखाना मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब यूपी में माफिया राज खत्म हो गया है।निकाय चुनाव प्रचार के लिए मेरठ पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिमखाना मैदान में जनसभा को संबोधित किया। भाजपा प्रत्याशी हरिकांत आहलूवालिया व पार्षदों के लिए क्रांतिधरा मेरठ पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज मेरठ की नई पहचान बनी है। मेरठ में सीएम योगी जनसभा खत्म हो गई और उनका हेलिकॉप्टर बुलंदशहर के लिए रवाना हो गया है।

### सीएम योगी ने मेरठ को बताया नई पहचान

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में कानून का राज है। वहीं उन्होंने कहा कि मेरठ आज नई पहचान बन रहा है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की पहचान विकास है। सीएम योगी ने कहा अब कांवड़ यात्रा यूपी की पहचान है। साथ ही कहा कि अब माफिया नहीं महोत्सव यूपी की पहचान है।

### सीएम बोले- बिना भेदभाव के हर योजना को कर रहे पूरा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हर योजना को बिना भेदभाद के पूरा कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा सरकार के लिए लोगों में उत्साह है। कहा कि 2017 से पहले यूपी में किसानों को छला जाता था। उन्होंने कहा कि आज मेरठ में चारों तरफ सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूपी में आज हर व्यक्ति को उसका हक मिल रहा है।

### सीएम योगी बोले- 2017 से पहले यूपी में लगता था कर्फ्यू

सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले यूपी में कर्फ्यू लगता था। लेकिन 2017 से बाद से यूपी में एक बार भी कर्फ्यू नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आज यूपी का विकास तेजी से हो रहा है।

### सीएम बोले- यह मेरा शौभाग्य, बुद्ध पूर्णिमा के दिन मेरठ पहुंचने का अवसर मिला

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन मुझे मेरठ में संवाद करने का अवसर मिला, यह मेरा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि 10 मई को क्रांति दिवस है और 11 मई को मेरठ में चुनाव है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी लोगों को चुनाव में भागीदार बनना है। उन्होंने कहा कि आपका वोट क्रांति को जन्म देगा। कहा कि विकास, सुसाशन, राष्ट्रवाद की क्रांति होगी। मुख्यमंत्री योगी ने सपा, बसपा, कांग्रेस और रालोद ने सोतीगंज की कालिख दी थी। हमने सोतीगंज का कलंक खत्म किया है। सपा, आरएलडी अवसरवादी, अराजकतावादी, अराजकता की जड़ है। हम मठ्ठा डालने का काम कर रहे तो परेशानी हो रही है। मेरठ, यूपी की आज सुशासन के नाम से पहचान है। उन्होंने कहा कि ये प्रधानमंत्री मोदी का विजन है। दुनिया संकटमोचक के रूप में देश और मोदी को देखती है। कहा कि 2014 के पहले अलग धारणा थी, अब परिवर्तन आया है। कहा कि आज यूपी में हाईवे, आईआईटी, आईआईएम बनाए जा रहे हैं। मेरठ को दिल्ली से जोड़ने के लिए 12 लेन एक्सप्रेसवे बन गया है। उन्होंने कहा कि अगले महीने रैपिड रेल का सफर शुरू हो जाएगा। मेरठ से प्रयागराज के लिए एक्सप्रेस में बन रहा है। सीएम योगी ने कहा कि मेरठ का प्रोडक्ट आज दुनिया में अपना स्थान बना रहा है। देश की पहली स्पोर्टस यूनिवर्सिटी मेरठ में बनने जा रही है। मेरठ के पुलिस ट्रेनिंग स्कूल को आधुनिक बनाया। कहा कि अमर शहीद धन सिंह गुर्जर के नाम पर उसका नाम रखा है। भगवान बुद्ध के संदेश को घर-घर पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार श्रावस्ती में नया एयरपोर्ट बना रही है। कुशीनगर में नेशनल एयरपोर्ट का दो वर्ष पहले प्रधानमंत्री ने शिलान्यास किया। कहा कि हमने उत्तर प्रदेश में 54 लाख गरीबों को मुफ्त आवास देने का काम किया। दो करोड़ 60 लाख गरीबों के घरों में शौचालय बनाए गए। एक करोड़ 75 लाख गरीबों को उज्ज्वला योजना के कनेक्शन दिए गए। होली और दिवाली पर फ्री सिलिंडर परिवारों को देने जा रहे हैं। 10 करोड़ लोगों को उत्तर प्रदेश में आयुष्मान योजना का कवर मिल रहा है।

### सीएम योगी बोले- करोड़ों लोगों को फ्री मिल रहा राशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में करोड़ों लोगों को फ्री में राशन की सुविधा का लाभ मिल रहा है। चेहरा देखकर नहीं यूपी का नागरिक होने से योजनाओं का लाभ मिल रहा है। 17 से पहले हमारे नगर निकायों की स्थिति खराब थी। कूड़े के ढेर दिखाई देते थे। लेकिन 2017 के पहले नगरीय क्षेत्रों में शोहदों का आतंक होता था। समाजवादी पार्टी तमंचावादी पार्टी थी, युवाओं के हाथों में तमंचे पकड़ाए जाते थे। आज युवाओं के हाथों में टेबलेट है। हमने 20 लाख युवाओं को फ्री में टैबलेट दिया है।

### मुख्यमंत्री योगी बोले- 2017 से पहले व्यापारियों से मांगी जाती थी रंगदारी

सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले व्यापारियों से रंगदारी वसूली जाती थी। माफिया सीना तान कर चलता था। लेकिन आज भाजपा सरकार ने व्यापारियों को मुख्यमंत्री कल्याण बोर्ड से 10 लाख का सुरक्षा कवच दिया है। अब माफिया गले में तख्ती लटका कर जान की भीख मांगता दिखाई देता है। यह नया उत्तर प्रदेश है। सरकारी पैसे का उपयोग हो, इसलिए डबल इंजन की सरकार के साथ तारतम्य बिठाने वाला बोर्ड होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि हरिकांत अहलूवालिया को महापौर पद का प्रत्याशी बनाया है। पुलिस लाइन पहुंचे फिर इसके बाद कार द्वारा जिमखाना मैदान पहुंचे। मेरठ में सभा के बाद वे बुलंदशहर में जनसभा करेंगे। यहां के बाद शाम को चार बजे गाजियाबाद में जनसभा होगी। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर बृहस्पतिवार को दिनभर तैयारी चलती रहीं।

## राजोरी में आतंकियों से मुठभेड़ में पांच जवान शहीद, इंटरनेट सेवा बंद; ऑपरेशन जारी



जम्मू संभाग के जिला राजोरी के कंडी इलाके में शुक्रवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है और दोनों ओर से गोलीबारी की जा रही है। इस घटना के बारे में सेना ने बयान जारी कर बताया कि एनकाउंटर के दौरान दो जवान शहीद हो गए हैं। जबकि, एक अधिकारी समेत चार घायल हैं। आतंकियों के भी ढेर होने की संभावना है। वहीं, घायल जवानों को कमांड अस्पताल उधमपुर ले जाया गया है। इनमें से तीन जवानों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इंटरनेट सेवाओं को फिलहाल बंद कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम ने क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष सूचना पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान जैसे ही संयुक्त टीमें संदिग्ध स्थान पर पहुंचीं, छिपे हुए आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी, जवाबी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ शुरू हो गई। आतंकियों ने एक विस्फोटक उपकरण दागा जिसकी चपेट में आकर दो जवान शहीद हो गए और एक अधिकारी सहित चार घायल हो गए। आसपास से अतिरिक्त टीमों को मुठभेड़ स्थल रवाना किया गया है। शुरुआती खबरों के मुताबिक इलाके में आतंकियों का एक समूह घिरा हुआ है। मुठभेड़ अभी भी जारी है। राजोरी में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। एनकाउंटर के दौरान दो जवान शहीद हो गए हैं। जबकि, एक अधिकारी समेत चार घायल हैं। इनमें से तीन ने अस्तपताल में दम तोड़ दिया है। आतंकियों के भी हताहत होने की संभावना जताई जा रही है।

हाल ही पुंछ के भटादूड़ियां इलाके में सैन्य वाहन पर आतंकी हमले और इसी साल एक जनवरी को राजोरी के ढांगरी में आतंकी हमले के बाद से ही दोनों जिलों में सुरक्षाबलों की तरफ से व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, राजोरी जिले की थन्नामंडी और दरहाल तहसील के घने जंगलों में चार से छह आतंकवादियों के सक्रिय रूप से घूमने की सूचना थी। जिले की थन्नामंडी तहसील के पंगाई, अप्पर पंगाई, डीके जी, अप्पर शाहदरा, टॉप शाहदरा और दरहाल के खोडीनार, बुध खनारी, परगाल जंगली इलाकों में चार से छह आतंकवादियों के होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इनकी धरपकड़ करने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाए गए हैं।

### गुरुवार को बारामुला में मारे गए थे दो आतंकी

बारामुला जिले के क्रीरी क्षेत्र के वानीगाम पायीन गांव में गुरुवार कोआतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित दो स्थानीय आतंकवादियों को मार गिराया गया। दोनों आतंकवादी मार्च के महीने में आतंकवाद में शामिल हुए थे। इससे पहले बुधवार को कुपवाड़ा जिले की एलओसी से सटे मच्छिल सेक्टर में सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी कामयाबी लगी। इस दौरान दो घुसपैठियों को मार गिराया गया।

## संपादकीय Editorial

# Jail if you say 'Bajrang Bali'

Prime Minister Modi is announcing 'Bajrang Bali Ki Jai' in the election meetings of Karnataka and the response of the public is also coming out strongly. This is Hinduist electoral politics on a new issue, of a new kind. The Prime Minister is sharing with the public that earlier the Congress locked up Lord Shriram and now whoever says 'Bajrang Bali Ki Jai' will be put in jail. However, this is not the reality. The Prime Minister is interpreting what the Congress has declared. The Congress has hit its own foot by creating this issue. What was the need to talk about banning Bajrang Dal in the election manifesto? How can it be compared with terrorist, banned organization PFI? Significantly, the question is also that are Lord Bajrang Bali and Bajrang Dal synonymous, complementary, synonymous? It is not so at all, but the BJP and its cadre, including the Prime Minister, have interpreted the equality of the two. The Prime Minister is saying that if you take the name of Bajrang Bali, you will be locked in the jail. To give concrete ground to their cause, BJP people and Hinduists will recite 'Hanuman Chalisa' in villages and temples across the country. Is it an election or a religious movement? Since the issue of religious sentiments has been made, there could be a backlash within the 84 per cent Hindus of Karnataka. It is estimated that 35-40 per cent Hindus in Karnataka are staunch devotees of Bajrang Bali. Electoral polarization can be done under such circumstances. In such a situation, the rest of the sensitive and fundamental problems get clouded. The declaration of ban on Bajrang Dal in the Congress manifesto is also an unauthorized attempt by the Congress, because such ban is the prerogative of the Government of India only. The state government can only give advice. Even if the proposal is passed in the assembly, it is mandatory to send it to the Union Home Ministry for the final and conclusive ban.

In fact, there are no anti-national, serious criminal cases against Bajrang Dal like foreign terrorist funding, arms accumulation, their training, making and exploding bombs, relations with international terrorist organizations and conspiring and conducting terrorist attacks. Bajrang Dal may be an enthusiastic, frenzied, riotous, Hindutva organization, but an organization with more than 25 lakh members cannot be termed as 'terrorist'. The United Nations has never tried to impose a ban on it, nor has there been any such discussion. Some criminal cases may also be registered against Bajrangis, some excesses have also been committed in the context of cow slaughter, they have many prejudices, but they are exceptions, not terrorism. The Congress has done such an audacity during the Narasimha Rao government at the Center when the Bajrang Dal and the RSS were banned after the demolition of the disputed structure in Ayodhya on December 6, 1992. The case collapsed in the very first hearing of the tribunal, because the then Government of India could not provide any evidence that Bajrang Dal was a 'terrorist'. Actually the image of Bajrang Dal is like this. However, it is an organization with the motto of national religion, service, security and culture. Although he has also raised communal issues like love jihad, conversion, hijab. In fact, in the context of the Karnataka elections, votes of the Muslims. This never happens, because Muslims vote in favor of JD-S and BJP as well. When the Congress-led UPA government was at the Centre, the then Home Minister Sushil Kumar Shinde was made to talk about 'Hindu terrorism'.

# From juice shop to setting up T series, Gulshan Kumar became the 'Cassette King'

The story of India's 'Cassette King' Gulshan Kumar is no less than a film. Born on May 5, 1951 in a Punjabi family in Delhi, Gulshan's original name was Gulshan Dua, who won the hearts of the countrymen by establishing the T- Series. Also got his talent proved in the music world. However, achieving this feat was not easy for Gulshan. He saw many ups and downs in his career but the reason for his victory was his patience. Let us know some important things related to Gulshan on his birthday today- Gulshan Kumar used to run a juice shop in Delhi's Daryaganj with his father at a young age. You will be surprised to know that this small shop changed the fate of Gulshan Kumar and he became the uncrowned king of the music world. Earning from the juice shop, Gulshan's father started a new shop, in which he used to record and sell songs in cheap cassettes. Meanwhile, Gulshan's luck took a turn and he decided to do something big. Gulshan Kumar used to run a juice shop in Delhi's Daryaganj with his father at a young age. You will be surprised to know that this small shop changed the fate of Gulshan Kumar and he became the uncrowned king of the music world. Earning from the juice shop, Gulshan's father started a new shop, in which he used to record and sell songs in cheap cassettes. Meanwhile, Gulshan's luck took a turn and he decided to do something big. Apart from being the owner of the music company, Gulshan Kumar himself was also a singer. Gulshan had deep faith in God and used to compose hymns. Gulshan's song 'Main Balak Tu Mata Shera Waliye' was a super-duper hit. Gulshan was also known for social service, he established Bhandara in Vaishno Devi temple. Gulshan Kumar gave the best singers like Anuradha Paudwal, Kumar Sanu and Sonu Nigam to the music world. However, the death of Gulshan, who did so much, was very painful. Gulshan Kumar, who achieved wealth and fame with his talent and intelligence in the 80s and 90s, was shot dead at the age of just 46. The reason for the murder of Gulshan Kumar was his growing business, which was starting to sting in the eyes of even the underworld. The assassination of the music king was as sensational as his rise to fame. On August 12, 1997, Gulshan Kumar was shot dead outside the Jeeteshwar Mahadev Temple in Andheri, Mumbai. Not one, not two, but 16 bullets were fired in Gulshan's back and neck. According to the report, the name of D Company was behind this murder. Also reports also claim that underworld Dawood Ibrahim and Abu Salem had demanded a ransom from Gulshan Kumar, which he refused to give and this led to his death.



# Effect of Hollywood writers strike reaches Mumbai, SWA issues appeal

The role of writers in Hindi cinema has been marginalized since the beginning. Talks keep happening about their respect and authority, but it was ignored from the beginning. On the other hand, the members of Hollywood's Writers Guild of America (WGA) went on strike for their rights. No member of this organization will write script for any studio, producer, OTT platform and TV. The Writers Guild of America has written to the Screen Writers Association (SWA) in India seeking their cooperation in the strike. 98 percent of the Writers Guild of America members have voted in support of the strike. The reason for the strike is that the WGA negotiated to renew the Minimum Basic Agreement with the Association of Motion Picture and Television Producers (AMPTP), which represents over 350 studios and networks including Netflix, Amazon, Disney, Apple, Fox, etc. represents. In this case, AMPTP argues that these are volatile times for the industry and they are protecting the long-term health of the entertainment business by rejecting the WGA's demands. Zama Habib, general secretary of the Screen Writers Association (SWA) in Mumbai Has issued a statement saying that the 11500 members of our organization stand in full solidarity with the Writers Guild of America (WGA). We have appealed to our members who write for US shows and movies to stop work. It will be our endeavor for our members not to accept any new writing assignments from US producers affiliated with AMPTP. If the WGA strike is successful, it helps our efforts by setting a precedent.' According to information, the challenges before Indian film, TV and OTT writers are even more formidable. Issues like unfair contracts, no credit guarantee, low fees etc come to the fore. Some studios even try to prevent writers from approaching the SWA in case of disputes, even though it is their constitutional right to seek redress from one's union. Zama Habib says, 'All of us writers are tired of the humiliating experience we face during contract negotiations. In a serious effort to change this, the SWA is in the process of beginning negotiations with production houses and studios on fair standardized clauses.' Members of the Writers Guild of America West and East went on strike effective Tuesday, May 2, over their rights. Voted unanimously to call the strike. The decision was taken after six weeks of negotiations with Netflix, Amazon, Disney, Apple, Fox, Paramount and Sony, running under the umbrella of the Alliance of Motion Picture and Television Producers.








# पीतलनगरी के मतदाताओं ने दिए बड़े उलट-फेर के संकेत



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- पीतलनगरी में निकाय चुनाव दिलचस्प दौर दिखा। मतदाताओं ने बड़े उलट-फेर के संकेत दिए। ऐसे संकेत से महापौर के कई प्रत्याशी बेचैन हो गए हैं। यूं कहें कि उनके चुनावी तोते परिणाम सामने आने से पहले ही उड़ने लगे हैं। महापौर पद की जंग दो पार्टियों के बीच सिमट कर रह गई है। वैसे चुनावी ऊंट कौन सी करवट लेगा, यह तो परिणाम तय करेगा, लेकिन अब यह बात शीशे की तरह साफ हो गई है कि मतदाताओं के एक बड़े धड़े की अप्रत्याशित एकजुटता ने यहां कांग्रेस को नई संजीवनी दी है। पीतलनगरी में मुस्लिम मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग है। मुरादाबाद सपाई राजनीति का एक बड़ा गढ़ है। मोदी व योगी लहर में भी जिले में समाजवादी पार्टी के पांच विधायक हैं। सपा के सभी विधायक मुस्लिम समाज से हैं। जबकि भाजपाई राजनीति पर गौर करें तो सदर विधायक के अलावा महापौर की कुर्सी ही सिर्फ पार्टी के पास है। यही वजह है कि भारतीय जनता पार्टी ने महापौर के चुनाव को संजीदगी के साथ लिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री के योगी आदित्यनाथ को महापौर की कुर्सी बचाए रखने की चाह में यहां आना पड़ा। विधान सभा व लोक सभा चुनावों पर गौर करें तो भाजपा की सीधी लड़ाई सपाइयों से रही। लेकिन, मेयर पद के चुनाव में हालात बिल्कुल उलट आंके गए हैं। सपा ने मेयर पद के लिए रईसुद्दीन को अपना उम्मीदवार चुना। भाजपा ने निवर्तमान मेयर विनोद अग्रवाल पर दांव लगाया। यहां की राजनीति का नब्ज समझने वालों के दावों पर गौर करें तो मेयर के चुनाव में सपा की राजनीति ने करवट ले ली है। सूत्रों की मानें तो मुगलपुरा, गलशहीद, कटघर, नागफनी व मझोला थाना क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं ने कांग्रेस के पक्ष में खुलकर मतदान किया। मुस्लिम मतदाताओं का चौंकाने वाला रुख सपाई राजनीति के लिए एक बड़ा व अशुभ संकेत है। निकाय चुनाव में मतदान के दिन ऐसी संभावनाओं को दबी जुबान ही सही सभी ने एक सुर में स्वीकारा। बसपा ने योजनाबद्ध तरीके से मोहम्मद यामीन को मैदान में उतार दिया। यामीन पार्टी के परंपरागत मतों के साथ स्वजातीय मतों को लेकर संजीदा रहे। जानकार कहते है कि इस समीकरण पर भी मेयर पद का निर्णय निर्भर करेगा। सच तो यह कि सपा उम्मीदवार की लड़ाई की नई समीक्षा शुरू है।

## निकाय चुनाव में बागी हो गए सपाई

कहते हैं, चेहरे की रौनक व उस पर चस्पा धुंध पर्दे के पीछे की तस्वीर को आइने की तरह साफ कर देती है। कुछ ऐसा ही नजारा निकाय चुनाव के दौरान गुरुवार को यहां देखने को मिला। कांग्रेस प्रत्याशी रिजवान कुरैशी के चेहरे की चमक व उनके द्वारा पुलिसकर्मियों पर लगाए जा रहे पूर्वाग्रही होने के आरोप कुछ अलग ही कहानी बयां कर रहे थे। राजनीतिक रूप से सपा प्रत्याशी उतने मुखर नहीं दिखे, जितने की कांग्रेस के रिजवान कुरैशी। रिजवान कुरैशी इसलिए भी आत्मविश्वास से लबरेज रहे, क्योंकि सपा का एक बड़ा खेमा पर्दे के पीछे उनके साथ खड़ा रहा। यही वजह भी है कि रिजवान कुरैशी महापौर पद की लड़ाई में खुद को आगे बताने से भी नहीं चूक रहे। हालांकि भाजपा कार्यकर्ताओं को भी अपने मजबूत किले के न टूटने का यकीन है। मेयर पद पर भाजपा व कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर होने का अनुमान लगाते हुए भाजपाई अंततः अपनी ही जीत होने का दावा कर रहे हैं।

# मतदान समाप्ति के बाद अब जीत हार पर चर्चा




क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद, नगर निगम सहित जिले की 11 निकायों में गुरुवार की शाम मतदान समाप्ति के बाद अब जीत हार की चर्चा हो रही है। कोई अपनी पसंद के प्रत्याशी को भारी बता रहा है तो कोई अपने दल की जीत पक्की होने का दावा कर रहा है। हालांकि 13 मई को मतगणना के बाद ही अंतिम रूप से परिणाम सामने आएगा, लेकिन चुनावी चर्चा में जीत हार का गणित बन बिगड़ रहा है। मुरादाबाद नगर निगम के महापौर और 68 वार्ड पार्षदों के लिए मतदान देर शाम समाप्त हुआ। वहीं, दो नगर पालिका बिलारी और ठाकुरद्वारा के अलावा आठ नगर पंचायत के अध्यक्ष और वार्ड सदस्यों के लिए भी वोट डालने के बाद मतदाता और प्रत्याशियों के समर्थक जीत हार के आंकलन में लग गए हैं। किस बूथ पर किसका जोर रहा तो कौन अपने इलाके में कमजोर साबित हुआ इसकी चर्चा चल रही है। महानगर के कई बूथों पर मतदान करके बाहर निकलने वाले कई मतदाता अपने मन की बात कर जीत हार का आंकलन करते दिखे। कोई भाजपा की जीत पक्की मान रहा था तो कोई कांग्रेस, सपा को भी कांटे की लड़ाई में खड़ा कर रहा था। कई वार्डों में बूथों पर मतदाताओं की भीड़ में राजनीति के सयाने उनके चेहरे की भाव भंगिमा पढ़कर उनके डाले गए वोट को भांपने में लगे थे। जिससे वह अपने चहेते प्रत्याशी को उसके जीत के आंकड़े को साबित कर सके। हरथला वार्ड में कई जगह बूथों पर लंबी कतार रही तो लाइनपार के कई बूथों पर देर तक लाइन छोटी नहीं होती दिखी। कई मतदाता लाइन लंबी देखकर बाहर खड़े होकर प्रत्याशियों के समर्थकों से चुनावी माहौल भांप रहे थे। प्रत्याशियों ने भी अपने तर्क दिए। कोई दूसरी या तीसरी जीत के प्रति आश्वास्त दिखा तो कई प्रत्याशी इस बार हार की आशंका से चिंतित भी दिखाई दिए। अधिकारी भी मीडिया कर्मियों और बूथ पर फुर्सत में आए लोगों से मतदान में किसके प्रति रुझान चल रहा है इसकी टोह लेते रहे। कई तो सत्ता के प्रत्याशियों के जीत की दुआ इसलिए कर रहे थे कि कहीं उनकी कुर्सी खतरे में न पड़ जाए।

## बाईपास होकर गुजर रहीं बसें, शहर में यात्री परेशान

निशाकांत शर्मा-क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शहर के अंदर से होकर गुजरने वाली अन्य डिपो की अधिकांश बसें बाईपास बनने के बाद अब शहर में न आकर सीधे बाईपास होते हुए गुजर रही हैं। इस कारण शहर के अंदर सवारियों को बसों का घंटों इंतजार करने के बाद भी बसें नहीं मिल रही है। उन्हे बाईपास पर ही जाना पड़ रहा है। छिबराऊ, कन्नौज, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज एवं दिल्ली रूट पर चलने वाली फर्रूखाबाद, मैनपुरी, अलीगढ़, लोनी, खुर्जा, बुलंदशहर, नोएडा, राठ, औरैया, इटावा सहित विभिन्न डिपो की अधिकांश बसें शहर न होकर सीधे बाईपास होकर गुजर रही है। इस कारण शहर के अंदर बसों की कमी बनी हुई है। सवारियों को घंटों बस स्टैंड पर खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। फिर भी शहर के अंदर बसें न मिलने पर सवारियों को बाईपास पर ही पहुंचना पड़ रहा है। अन्य डिपो की बसों के चालक व परिचालक शहर के अंदर उतरने वाली सवारियों को चार से पांच किमी दूर बाईपास पर ही उतार कर जा रहे है। इस कारण सवारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सवारियों को सबसे अधिक परेशानी रात को बाईपास पर उतारे जाने पर हो रही है। बाईपास होकर बसें लेकर जाने वाले चालक-परिचालकों की रिपोर्ट बनाकर संबंधित क्षेत्र के आरएम और एआरएम को भेजी जा रही है। उसके साथ ही टीम को भी बाईपास पर नियुक्त किया गया है। जो बसों को शहर के अंदर से होकर रूटों पर भेज रहे है।-राजेश यादव, एआरएम एटा डिपो

## केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शिखावत ने शहीद बाबा दीप सिंह चैरिटेबल अस्पताल का उद्घाटन किया




सत पाल सोनी

क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना - आज शहर के मॉडल टाउन एक्सटेंशन में शहीद बाबा दीप सिंह जी चैरिटेबल अस्पताल का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शिखावत (जल शक्ति विभाग, भारत सरकार) ने अपने कर कमलों से किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुखविंदर सिंह बिंद्रा, पूर्व चेयरमैन (युवा और खेल विभाग पंजाब सरकार), शहीद बाबा दीप सिंह जी चैरिटेबल अस्पताल के अध्यक्ष सुरिंदरपाल सिंह बिंद्रा, महासचिव सुखविंदरपाल सिंह सरना, अमरजीत सिंह टिक्का, अमर पाल सिंह सरना, नवप्रीत सिंह बिंद्रा, हरभजन सिंह डांग, हरप्रीत सिंह राजधानी, कंवलप्रीत सिंह बिंद्रा, जसविंदर सिंह सेठी, हरविंदर सिंह चावला आदि उपस्थित रहो। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शिखावत ने सुखविंदर बिंद्रा की तारीफ करते हुए कहा कि यह अस्पताल समाज के लिए एक बड़ी सौगात है। इससे गरीब लोगों को फायदा होगा। उन्होंने अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने प्रबंधन समिति से मुलाकात की।

अस्पताल अध्यक्ष सुरिंदरपाल सिंह बिंद्रा व उनकी टीम ने केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शिखावत को सनमान चिन्ह देकर सम्मान किया गया। बिंद्रा ने कहा कि इस अस्पताल से लुधियाना की 40 लाख से ज्यादा आबादी को बेहद कम कीमत पर उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। अस्पताल में लैब और टेस्ट भी बेहद कम खर्च में हो सकेंगे। केंद्रीय मंत्री शिखावत ने बिंद्रा को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान पंजाब भाजपा के प्रदेश महामंत्री जीवन गुप्ता भी मौजूद रहे।

## भारतीय संस्कृति को तार-तार करेगा समलैंगिक विवाह -किरन



निशाकांत शर्मा

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- समलैंगिक विवाह का विरोध करने सेकड़ो वरिष्ठ सामाजिक महिला कार्यकर्ताओ ने भारत के राष्ट्रपति व मुख्य न्यायमूर्ति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से अपर जिलाधिकारी प्रशासन को सौप कर समलैंगिक विवाह का विरोध किया गया।एस्ट्रो ब्यूटी थेरेपी के साथ ही कई एक सामाजिक संगठन की महिला कार्यकर्ताओ में सेकड़ो ने अपने हस्ताक्षर कर समलैंगिक विवाह का विरोध किया।इस अबसर पर डॉ0कुसुम वाष्णेय, डॉ0यज्ञेश वाष्णेय, विमलेश तिवारी, रंजना जादौन, पूनम अग्रवाल,दून पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर नीरा वाष्णेय, एस्ट्रोलॉजी ऑल डायमेंशन रिसर्च इंस्टिट्यूट की सचिव श्रीमती किरन,सरिता कुमारी मौजूद रहे।

## बौद्ध धर्म के सिद्धांत विज्ञान पर आधारित, जसवीर सिंह राणा



क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। बौद्ध धर्म के सिद्धांत विज्ञान पर आधारित हैं। बौद्ध धर्म मानव मानव के बीच भाईचारा सिखाता है ।बहुजन हिताय , बहुजन सुखाय का संदेश बौद्ध धर्म में ही सबसे पहले दिया गया है। यह विचार समता सैनिक दल के पूर्व जिला प्रवक्ता एडवोकेट जसवीर सिंह राणा ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत चावड़ में गुरु अशोक मित्र बुद्ध विहार पर आयोजित एक गोष्ठी में व्यक्त किए। उन्होंने बताया भगवान बुद्ध ने किसी भी बात को लागू करने से पहले उस पर काफी रिसर्च किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बुद्ध की त्रिरत्न वंदना से हुई। उसके बाद भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर श्रद्धालुओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ लिपिक सत्य प्रकाश, वंदना सागर, विधि सिंह कुणाल कुमार ,सार्थ सागर गुनगुन, प्रज्ञा सिंह,कशिश सागर, मीनाक्षी, बॉबी सागर नरेश गौतम , धम्म कीर्ति गौरव गौतम मौजूद रहे।

## बुद्ध दर्शन मानव कल्याण के लिए सर्वाधिक उपयोगी : मदन राजपूत



निशाकांत शर्मा

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-बुद्ध के अवतरण दिवस पर राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित एवं लक्ष्य के प्रांतीय संगठन मंत्री मदन राजपूत के आवास विकास कॉलोनी स्थित आवास पर बुद्ध संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में बोलते हुए मदन राजपूत ने कहा कि बुद्ध आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितना अपने समय में थे। बुद्ध दर्शन शांति, सुख, अहिंसा के लिए प्रेरित करता है। लक्ष्य के प्रांतीय उपाध्यक्ष रामचन्द्र वर्मा ने कहा कि बुद्ध का जीवन हम सबके लिए अभिप्रेरणीय है। प्राथमिक शिक्षक संघ, कासगंज के जिला संयोजक खूबेन्द्र सिंह लोधी ने नयी पीढ़ी को बुद्ध को पढ़ने और समझने का आह्वान करते हुए कहा कि बुद्ध दर्शन एक वैज्ञानिक दर्शन है। इस अवसर पर इंटरमीडिएट के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रामचन्द्र वर्मा, लक्ष्य संरक्षक करन सिह लक्ष्य संरक्षक के के सिंह, धनंजय प्रताप सिंह, महामंत्री अरविंद राजपूत डा सर्वेश सुधाकर, राहुल वर्मा, विनोद कुमार, हेमंत सुधाकर, पंकज कुमार, सत्यपाल, अरविंद राजपूत, सरिता राजपूत आदि बुद्ध के अनुयायी उपस्थित रहे।

## बीजेपी यूपी ने के अपने बागियों को पार्टी से बाहर निकालना शुरू कर दिया




निशाकांत शर्मा

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-बीजेपी यूपी ने के अपने बागियों को पार्टी से बाहर निकालना शुरू कर दिया है। जनपद एटा में भी आज बीजेपी युवा मोर्चा के दो नेताओं पर हुई कार्रवाई बीजेपी युवा मोर्चा के एटा जनपद के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र भदौरिया ने की कार्रवाई एटा जिलाध्यक्ष भदौरिया ने जैथरा निवासी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गौरव राठौर को बीजेपी पार्टी से निष्कासित किया। वही अवागढ़ से जिला कार्य समिति के सदस्य अतुल वार्ष्णेय को भी बीजेपी पार्टी से निष्कासित किया गया। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है। कि निकाय चुनाव में गुटबाजी और पार्टी से खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ रहे नेताओं का खुलेआम सहयोग करने पर यह कार्रवाई की गई। बीजेपी पार्टी के एटा जिला कार्यालय से नेताओं ने बताया जो पार्टी से अलग - अलग चुनाव लड़ रहे। उनको पार्टी से निकालने की सूची तैयार की जा रही है हर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं पर निकाय चुनाव में कर रहे गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। कार्रवाई होने पर अन्य नेताओं को पार्टी से निकालने की सूची जल्द जारी होने जा रही है।

## हर हाल में चुनाव जीत करा चुका, अब जीत का अंतर बढ़ाने में जुटे

निशाकांत शर्मा-क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- नगर निकाय चुनाव में हर प्रत्याशी जातीय समीकरण बैठाकर खुद को जीता हुआ प्रत्याशी मान रहा है। दलीय प्रत्याशियों के साथ निर्दलीय प्रत्याशियों को अपना गणित है। गणित भी ऐसा है कि सामने वाला जोड़ते समय यहीं कहकर जाता है कि हां अब आप चुनाव जीत गए। इस समय चुनाव प्रचार दिन रात चल रहा है। एटा नगर पालिका में एक लाख 11 हजार है। चुनाव मैदान में आठ प्रत्याशी है। इसमें चार प्रमुख दलों के प्रत्याशी है। चार निर्दलीय प्रत्याशी है। दलीय प्रत्याशी अपना पार्टी के बेस वोट पर जीत सुनिश्चित मान रहा है। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी अपने कार्य व्यवहार और जातिगत आंकड़ों के हिसाब से चुनाव में जीत दर्ज करा रहा है। खासबात यह है कि कोई भी अपना वोट बीस से 25 हजार से नीचे नहीं गिन रहा है। वह हर हाल में चुनाव जीत करा चुका है। अब जीत का अंतर बढ़ाने में जुटे हुए है। इस चुनाव में खास बात यह है कि मुद्दा कोई नहीं दिख रहा है। शहर के लिए क्या क्या कराना है। किस बात से लोग परेशान हैं। उसको लेकर कोई बात नहीं कर रहा है। पूरा चुनाव जातिगत आंकड़ों पर चलता हुआ नजर आ रहा है। वर्ष 2017 में निकाय चुनाव में 62 फीसदी ही मतदान रहा था। पहले चरण के लिए हुए मतदान में जो आसपास के जनपदों का मतदान हुआ है उससे लग रहा है कि कम वोटर निकलकर आ रहा है। इसके बाबजूद भी सभी प्रत्याशी खुद को 20 से 25 हजार से ऊपर लड़ता हुआ बता रहे हैं। जबकि शहर में कुल मतों की संख्या एक लाख 11 हजार 11 ही है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# एक साल की रिसर्च के बाद भूपिंदर जीत कौर ने लिखी कैंसर पर किताब

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच




लुधियाना - लुधियाना शहर में बढ़ रहे कैंसर मरीजों को देख कर बी आर एस नगर निवासी भूपिंदरजीत कौर ने कैंसर पर रिसर्च शुरू की। पिछले एक साल में अलग अलग कैंसर सेंटर में जा कर देखा कैसे छोटे छोटे बच्चे तड़प रहे होते हैं। भूपिंदर जीत कौर ने बताया कि वो पढाई के साथ साथ एक नूर हॉस्पिटल में प्रक्टिस भी कर रही है । उन्होंने बताया कि शरीर में स्टेम सेल होते हैं जो कैंसर मरीजों को नया जीवन देते है, जैसे ब्लड की जरुरत पड़ती है वैसे ही कैंसर उपचार के परिणामस्वरूप क्षतिग्रस्त या नष्ट हुई रक्त कोशिकाओं को बदलने के लिए भी प्रत्यारोपण किया जाता है। लुधियाना में 7 से 8 सेंटर है जहां से सभी हॉस्पिटल स्टेम सेल के डोनर लेते है । भूपिंदर जीत कौर ने बताया कि पुरे एक साल मेहनत करने के बाद उन्होंने सेम सेल के ऊपर 387 पेजो कि किताब लिखी है। उसमे सभी कैंसर से संबंधित उपचार बताए गए है। उन्होंने बताया कि सेम सेल खून से संबंधित सभी बीमारियों में काम आते हैं, अब नई टेक्नोलॉजी में बच्चे के जन्म के समय डॉक्टर स्टेम सेल को सेव कर लेते है। भूपिंदर जीत कौर ने सभी बच्चो को अपील करते हुए कहा कि बाहर का जंक फ़ूड न खाए अपनी डाइट का ध्यान रखे, डाइट की वजह से ही ब्लड कैंसर के मरीज बढ रहे है।

# प्रत्याशी सीमा गुप्ता के लिए वोट मांगे

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-कचहरी एटा पर एटा नगर पालिका परिषदद की प्रत्याशी सीमा गुप्ता के लिए वोट मांगे इस अवसर पर ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष, भोले गुप्ता शहर उपाध्यक्ष, सीमा गुप्ता प्रत्याशी नगर पालिका परिषद एटा, मोहम्मद इरफान एडवोकेट पीसीसी , नैना शर्मा एडवोकेट पीसीसी,संतोष गौतम जिला अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ, चौबसिंह धनगर एडवोकेट पूर्व जिला अध्यक्ष, सुभाष सागर एडवोकेट पूर्व सभासद, वेदप्रकाश माथुर एडवोकेट जिला सचिव, मुकेश बघेल एडवोकेट, चंद्रकान्त गांधी जिला अध्यक्ष अनसुचित जाति प्रकोष्ठ कांग्रेस, जितेंद्र कुमार ,मधुरकान्त कश्यप,अशोक पालीवाल ब्लाक अध्यक्ष शीतलपुर, सर्वेश कुमार पांडये , दिनेश मिश्रा एडवोकेट, चमन सैफी एडवोकेट, नजमा, शिवानी सिंह,आरती कुमारी आदि सुनील यादव एडवोकेट और विपिन कुमार एडवोकेट कांग्रेस मे शामिल हुये। ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष एवं चौबसिंह धनगर पूर्व जिला अध्यक्ष ,मोहम्मद इरफ़ान एडवोकेट पीसीसी ने कांग्रेस का पटका पहना कर स्वागत किया।

# सीटी यूनिवर्सिटी की तरफ से लॉ छात्रों के लिए स्पेशल वर्कशॉप का आयोजन

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच




लुधियाना - सीटी यूनिवर्सिटी, स्कूल ऑफ लॉ, लुधियाना और आई क्यू ए सी ने सिमुलेशन वर्कशॉप का आयोजन किया। सिमुलेशन आधुनिक कानून पाठ्यक्रम को पढ़ाने के लिए शैक्षिक रूप से मूल्यवान और व्यावहारिक उपकरण है। सिमुलेशन, अनुभवात्मक और समस्या-आधारित शिक्षा के रूप में, छात्रों को कक्षा के अनुभव को वास्तविक दुनिया के अनुभवों से जोड़ने में सक्षम बनाता है, जिसका सामना वे पेशेवर जीवन में करेंगे। सिविल लॉ, क्रिमिनल लॉ, फैमिली लॉ, लेबर लॉ और ड्राफ्टिंग स्किल्स के विशेषज्ञों ने छात्रों को विभिन्न गतिविधियों और व्याख्यान दिए और उन्हें वास्तविक चुनौतियों से अवगत कराया। एडवोकेट करण सिंह (उपाध्यक्ष) जिला बार एसोसिएशन, एडवोकेट चमनलाल वशिष्ठ (लेबर कानून के विशेषज्ञ), आपराधिक कानून के विशेषज्ञ, एडवोकेट दीपिंदर सिंह गिल, क्रिमिनल लॉ के विशेषज्ञ, एडवोकेट सुमित खुराना ने सत्रों का नेतृत्व किया और छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। विशेषज्ञों ने आपराधिक क्षेत्र, श्रम कानून, सिविल क्षेत्र और परिवार कानून में काम करने के अपने विशाल अनुभव को सांझा किया। एफआईआर, दाखिल करने, चार्जशीट तैयार करने, चालान पेश करने, याचिका दाखिल करने, लिखित बयान और अंतरिम आवेदन से संबंधित विभिन्न नमूने भी पेश किए। इतना ही नहीं, छात्रों ने आपराधिक न्याय प्रणाली की पेचीदगियों और कार्यस्थल में उत्पन्न होने वाले विभिन्न मुद्दों के बारे में जाना। उन्होंने कानूनी सिद्धांतों और प्रक्रियाओं का व्यापक अवलोकन प्रदान किया। स्कूल ऑफ लॉ की प्रिंसिपल डॉ. सिमरन ने कहा कि इस तरह के सत्र छात्रों को अपने कौशल को सुधारने और उन्हें वास्तविक दुनिया के कानूनी पेशे के लिए तैयार करने में सक्षम बनाते हैं और छात्रों को क्षेत्र के विशेषज्ञों से सीखने और मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं जिसका वे अपने भविष्य में उपयोग कर सकते हैं। डॉ. सतीश, वाइस चांसलर (कार्यकारी) ने भी इस सिमुलेशन कार्यशाला के आयोजन के लिए स्कूल ऑफ लॉ और आईक्यूएसी के प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए एक बड़ा कदम है।

# महूली में तेंदुए ने गाय और बकरी को बनाया अपना शिकार, इलाके में दहशत का माहौल

रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर जिले के वन परिक्षेत्र बिहारपुर के अंतर्गत जंगल से लगे ग्राम पंचायत महूली खोहिर में एक बार फिर तेंदुए ने एक गाय और एक बकरी को अपना शिकार बनाया है। इस जंगल से जंगली जानवरों का परंपरागत शिकार खत्म हो गया है। या कहा जाय की खत्म होने के कगार पर है। और बीते कुछ साल में तेंदुए के संख्या में इजाफा हुआ है। जिस कारण यहा जंगली जानवर अब पालतू मवेशियों को अपना शिकार बना रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार महूली के अंतर्गत जंगल से लगे गांव में तेंदुए ने एक गाय वही खोहिर में एक बकरी को अपना शिकार बनाया है। यह पहला मामला नहीं है कि किसी पालतू मवेशी का शिकार बनाया गया हो, अवैध शिकार से पूरी तरह खत्म हो चुके हिरण की प्रजाति इन जंगली जानवर तेंदुए, बाघ ,भालू नीलगाय के परम्परा गत शिकार है। पर इंसानी लालच के चलते जंगली जानवरों का शिकार हो रहा है। और जिस कारण जंगली जानवर धीरे-धीरे गांव की ओर रुख कर रहे हैं। और मवेशी को शिकार कर रहे। यह घटना बीती गुरुवार रात की है बता दें कि ग्राम महूली के हरजन पारा से आधा किलो मीटर दूर बिहारपुर उमझर मार्ग में सड़क से लगा स्थित है। गाय का शिकार किया गया है। गाय अपनी जान बचाने तेंदुए के साथ भीड़ गई, पर अधेड़ गाय अपनी जान बचाने में कामयाब नहीं हो सकी होगी। तेंदुए ने गाय को अपना निवाला बनाया। देख कर यह अंदाजन लगाया जा सकता है कि यह एक तेंदुआ ऐ बाघ का काम हो सकता हैं। क्योंकि आधे से ज्यादा मृत गाय के शरीर को खा चुके हैं। जिससे लगता है कि यह दो तेंदुए यह बाघ का काम हो सकता है। वहीं बिहारपुर क्षेत्र में लगातार जंगली जानवर मवेशिय को अपना शिकार बना रहे हैं एक दर्जन से अधिक मवेशीय को बिहारपुर क्षेत्र में जंगली जानवर मौत का घाट उतार शिकार बना लिया है वही बता दे कि यहां वन विभाग एवं गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क परिक्षेत्र का जंगल है विभाग के जिम्मेदार अधिकारी क्षेत्र से हमेशा नदारद रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल में वनों की कटाई के चलते जंगली जानवर गांव की ओर आ रहे हैं और मवेशियों को अपना शिकार बना रहे हैं *इसके बारे में तब बिहारपुर रेंजर मेवालाल पटेल से बात करने की प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल बंद होने से उनसे संपर्क नहीं हो पाया*

# छ माह तक के शिशुओं को करायें केवल स्तनपान

प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार द्वारा विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी पानी नही, केवल स्तनपान आयोजित किया जा रहा है । उन्होंने बताया है कि शिशु की 6 माह की आयु तक शीघ्र व केवल स्तनपान उसके जीवन के रक्षा के लिय अत्यन्त आवश्यक है, परन्तु समाज में प्रचलित विभिन्न मान्यताओं व मिथको के कारण 6 माह तक केवल स्तनपान सुनिश्चित नहीं हो पाता है। बल्कि परिवार के सदस्यों द्वारा शिशु को घुट्टी शहद, चीनी का घोल आदि का सेवन करा दिया जाता है। ऊपर से पानी देने से शिशु में संक्रमण की सम्भावना बढ़ जाती है। गर्मियो मे शिशुओं में केवल स्तनपान सम्बन्धी व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु 01.05.2023 से 30.06.2023 तक समस्त कन्वर्जेन्स विभागो जन प्रतिनिधियो, डेवलपमेन्ट पार्टनर्स के सहयोग से जनपद में पानी नहीं, केवल स्तनपान अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिससे जनपद में केवल स्तनपान की दर में वृद्धि होने के अपेक्षित परिणाम प्राप्त होने के साथ ही शिशु मृत्यु दर में सुधार लाया जा सके।

# जिले के दलित संगठनों ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र दिया, मांगें पूरी नहीं होने पर संघर्ष तेज करने की चेतावनी दी

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - 20 अप्रैल से जिले के दलित संगठनों ने जिले के उपायुक्त के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को मांग पत्र भेजा है। ज्ञापन जारी करते हुए मोर्चा के वरिष्ठ नेता श्री गुरु रविदास फेडरेशन राजि़ पंजाब कोर कमेटी के सदस्य हरदेव सिंह बोपाराय ने कहा कि इस ज्ञापन के माध्यम से हम पंजाब के मुख्यमंत्री से अनुरोध करते हैं कि वर्तमान में जो पूछताछ चल रही है निदेशक कल्याण विभाग के साथ एक सप्ताह में पूरी करें । पंजाब सरकार द्वारा एक कानून पारित किया जाए कि फर्जी जाति प्रमाण पत्र रद्द करने के मामले में आरोपी को कम से कम 5 साल की सजा दी जाए और नौकरी के दौरान उससे मिले वित्तीय लाभ को ब्याज सहित वसूल करने के लिए विशेष प्रावधान किया जाए। फर्जी जाति प्रमाण पत्र का उपयोग जिस व्यक्ति को रोजगार या प्रवेश से वंचित किया गया है ,उसे उसकी योग्यता के अनुसार उचित मुआवजा और रोजगार दिया जाना चाहिए। इस मोर्चे के नेताओं ने कहा कि अगर पंजाब सरकार ने हमारी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया तो संघर्ष और तेज किया जाएगा. इस अवसर पर मोर्चे के नेताओं ने दलित समुदाय के लोगों से अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए मोहाली में चल रहे मोर्चे में अधिक से अधिक भाग लेने की अपील की, ताकि समय की सरकारों को पता चल सके कि राज्य का दलित समुदाय उनके अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। इस समय सुखदेव सिंह हैप्पी मुल्लांपुर, डॉ. हरदीप सिंह पमाल, गुरदीप सिंह काली, दविंदर सिंह मोही, अमरीक सिंह नूरपुर बेट, चरणजीत सिंह तारिके, राजिंदर सिंह, सुखपाल सिंह, जसवंत सिंह और बलजीत सिंह मौजूद रहे।

# दुबई में नौकरी लगवाने के नाम पर 90 हजार की ठगी के आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

अकराबाद- गांव जसरथपुर निवासी एक युवक से दुबई में नौकरी लगवाने के नाम पर 90 हजार की ठगी कर लेने का मामला जानकारी में आया है।पीड़ित ने आरोपित के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अभय राघव निवासी गांव जसरथपुर ने कोतवाली में लिखाई रिपोर्ट में बताया है कि प्रयागराज कीडगंज ग्राम शेखूपुर निवासी प्रशांत कुमार पांडे दुबई में नौकरी लगवाने का काम करता है। उसने उसकी दुबई में किचन हेल्पर की नौकरी का झांसा देकर नौकरी लगवाने के नाम पर उससे 90 हजार रुपये ले लिए। नौकरी लगने की आशा में उसने ब्याज पर पैसे लेकर उसे दिए थे। प्रशांत ने उसे नौकरी का वीजा न देकर विजिट वीजा दे दिया। पूछने पर मुझे विश्वास दिलाया तुम्हारी नौकरी लग जाएगी दुबई चले जाओ। पहले उसने मुझे दिल्ली भेजा जब मैं वहां पहुंचा तो एक आफताब नाम के आदमी ने मेरा मेडिकल और फर्जी कागजात जैसे रूम बुकिंग, होटल बुकिंग, दीया जिसके उसने पांच हजार रुपये दिए। 8 जुलाई 20 22 को दुबई पहुंचा तो आरोपित ने उसका पासपोर्ट जप्त करा दिया और उसे भूखा रखा। इसी दौरान उसके पास सारी जमा पूंजी खत्म हो गई और नौकरी भी नहीं लगी जब उसने फोन पर प्रशांत से संपर्क किया तो उसने उससे 20 हजार रुपये और मांगे। मेरे द्वारा असमर्थता जताने पर उसने धमकी दी जहां हो वहीं चुपचाप पड़े रहो अगर नौकरी करनी है तो रुपये चुपचाप घर से मंगा लो। इससे वह बुरी तरह शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान हो गया। वह किसी तरह 40 हजार रुपये खर्च कर दुबई से 07 सितंबर 20 22 को अपने घर भारत आ गया। यहां आकर आरोपित से जब उसने अपने पैसों के लिए दबाव बनाया और थाने में शिकायत करने की धमकी दी तो उसने मेरे खाते में 45 हजार रुपये डाल दिए बकाया पैसों के लिए वह मुझसे लगातार सालम टोल करता रहा। मामले के संबंध में कोतवाल एमपी सिंह ने बताया है पीड़ित की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पिकअप व ई रिक्शा आपस में भिड़े कई घायल

लंकीन प्रसाद वर्मा -क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- मलावा सरजू नहर पुल के पास पिकप ने यात्रियों को लेकर जा रहे ई-रिक्शा को सामने से टक्कर मार दी। इसमें ई-रिक्शा पर बैठे जनपद बहराइच थाना पयागपुर के ग्राम बनकटा निवासी पुष्पा देवी पत्नी अयोध्या प्रसाद, थाना पयागपुर के ग्राम डेरवा हरबंशपुर निवासी जाहिरा पत्नी मोहम्मद इस्माइल व उसकी पुत्री शाहिदा, इकौना थाने के ग्राम सरवन तारा निवासी राम कुमार पुत्र रामराज, गिलौला थाने के ग्राम खंडैला निवासी बलराम गंभीररूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की ओर से सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पुष्पा देवी, राम कुमार व बलराम को ट्रामा सेंटर बहराइच के लिए रेफर कर दिया गया। जबकि घायल जाहिरा व उसकी पुत्री शाहिदा को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। बताया जाता है कि सभी ई-रिक्शा में सवार होकर जेतवन क्षेत्र स्थित मीरा बाबा साहब के मजार पर जियारत करने जा रहे थे।

# पनेठी के निकट सड़क हादसे में एक युवक की मौत

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच



अकराबाद - कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर पनेठी के निकट सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई हरदुआगंज के गांव नगरिया भूड़ निवासी सतेंद्र पालसिंह के चार बेटों सबसे छोटा जगदीशसिंह अविवाहित रात अपने चचेरे भाई देवेंद्र के साथ अलीगढ़ में किसी रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

पनेठी के निकट अधौन मोड़ के पास अलीगढ़ जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे तभी किसी अज्ञात वाहन ने जगदीश सिंह को अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे में जगदीश सिंह (31) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना होते ही आसपास के लोग मौके पर आगये। सूचना पर पनेठी चौकी इंचार्ज अंशुल शर्मा भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये और मौजूद लोगों से घटना की जानकारी लेकर जगदीश सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए अलीगढ़ भेजा। जगदीश की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

# पति व ससुर ने मिलकर पुत्र वधू के नाक पर धारदार हथियार से किया हमला जिससे नाक कटी

प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- श्रावस्ती थाना मल्हीपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मल्हीपुर खुर्द के निवासी राज कपूर उर्फ आजाद,पुत्र चरण सिंह निवासी मल्हीपुर खुर्द थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती के साथ सात वर्ष पूर्व शादी हुआ था पीड़िता उषा देवी के पिता सुग्गन सिंह निवासी असरफा बंजरिया थाना नानपारा जिला बहराइच के मूल निवासी हैं पिता ने बताया कि मैंने अपनी लड़की की शादी 7 वर्ष पूर्व मल्हीपुर खुर्द निवासी राज कपूर उर्फ आजाद के साथ किया था जो लड़की की शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ और अपने हैसियत के मुताबिक दान दहेज देकर किया था मेरी लड़की ससुराल को अपने पति के घर गई और पत पत्नी के रिश्ते में रहने लगे मेरी लड़की के दो नाबालिग बच्चे सुहानी उम्र 5 वर्ष व अंकित उम्र 3 वर्ष का है विपक्षी दहेज के लिए मेरी लड़की को प्रताड़ित किया करते थे और मारा-पीटा करते थे घर पर आकर आप बीती बताती थी सभी परिवार के लोग पति राज कपूर उर्फ आजाद व ससुर चरण सिंह पुत्र तालुकदार सिंह चरण की पत्नी एक राय होकर के मेरी लड़की को काफी मारा पीटाऔर घर से भगा दिया जब मेरी लड़की घर से बाहर निकल गई तो उपरोक्त विपक्षी गड़ पकड़कर धारदार हथियार से मेरी लड़की पर वार कर दिया जिससे नाक उंगली कट गई और चोट भी आया और पूरे शरीर पर चोट का निशान है प्रार्थी सूचना देने को थाना मल्हीपुर में आई है उपरोक्त प्रतिवादी गड़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कारवाही किया की मांग किया है इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर रामपाल यादव से जानकारी लेने पर बताया गया कि तहरीर मिला है मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है